भजन

तेरी रहमतो का दरिया, सरे आम बह रहा है
निसबत है तुमसे मेरी, तेरा प्यार मिल रहा है

1 मैंने जब जहां पुकारा तूने दे दिया सहारा
पिया दे दिया सहारा थामा हाथ हमारा
मेहेर से तेरी प्रीतम, ये साथ चल रहा है तेरी.......

2 जब तक भी तुमसे दूरी, कीमत न कुछ थी मेरी
कीमत न कुछ थी मेरी, थी आप बिन अधूरी
पिया आपका सहारा हरपल ही मिल रहा है तेरी.......

3 अंगना हूँ मैं तुम्हारी, चरणों में जो बुलाया
चरणो में जो बुलाया, गले से है लगाया
तेरा प्यार ए प्रीतम, तेरा द्वार जो मिला है तेरी........

4 रिश्ता है तुमसे दिल का, मेरे पिया रूहानी
लागी न दिल की छूटे, चाहे यही दीवानी
जिसको पिया मिले है, वो हर साथ है निराला तेरी........